# जिला व नगर निगम प्रशासन ने 80 वार्डों का परिसीमन नियम विरूद्ध किया : विजय जैन

## 'भौगोलिक, आर्थिक व ऐतिहासिक दृष्टि को ध्यान में रख कर परिसीमन नहीं किया'

**अजमेर ।** अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक संवाददाता सम्मेलन में आयोजित किया गया, जिसमें शहर कांग्रेस कमेठी के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन ने आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष 2025 नगर निगम वार्डों के परिसीमन पुर्नगठन प्रस्तावित है, उसमें जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा अजमेर शहर के 80 वार्डों का परिसीमन किया है, जिसमें नियम विरूद्ध जा के अजमेर की भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक व ऐतिहासिक दृष्टि को ध्यान में रखते हुए नहीं किया गया है। कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि 9 अप्रैल को जिला प्रशासन से मुलाकात कर इस मामले में आपत्ति दर्ज करवाएगें। इसके बाद कोई कार्यवाही नही होती है तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।




कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन व अन्य पदाधिकारी पत्रकारों से रूबरू हुए ।

अजमेर में नगर परिषद् से लेकर नगर निगम बनने तक अभी हाल ही में नगर निगम का परिसीमन प्रथम बार किया जा रहा है, तकरीबन 40 वर्ष बाद नगर निगम की सीमाओं का विस्तार होने की संभावना शहर में जगी थी, लेकिन उन सबको दरकिनार करते हुए फिर अजमेर शहर प्रशासनिक अधिकारियों व राजनैतिक की भेंट चढ़ गया है, जिसमें अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व में भी जिला निर्वाचन अधिकारी व नगर निगम आयुक्त को एक ज्ञापन पत्र सौंपा गया था, जिसमें मांग की गई थी कि अजमेर के महत्वपूर्ण संस्थानों को नगर निगम सीमा में शामिल कर अजमेर के कद को बढ़ाया जाए, लेकिन उसके विपरीत नगर निगम व जिला प्रशासन द्वारा अन्देखी की गई, जिसका परिणाम अजमेर की जनता पुनः 30-40 वर्ष तक भुगतने को तैयार रहे। वार्डों के परिसीमन पुर्नगठन की प्रक्रिया को गंभीरता से लेते हुए अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने एक कमेटी का गठन किया है, जिसमें शहर के कई वार्डों से आपत्तियाँ प्राप्त हुई है जो कि नियमानुसार नगर निगम प्रशासन द्वारा गलतियां की गई है। पार्षद गजेन्द्र सिंह रलावता ने बताया कि कमेटी ने जाँच

■ करीब 40 वर्ष बाद नगर निगम की सीमाओं के विस्तार होने की संभावना जगी थी

व अध्ययन में पाया कि नगर निगम द्वारा निगम के परिसीमन पुर्नगठन में व्याप्त भारी अनियमिताओं के चलते अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी इसको सीरे से नकारती है कि परिसीमन में बहुत खामियों है, इसकी पुनः एक बार जाँच करवाकर सरकार के नियमानुसार कार्य को किया जाये। जैन ने कहा कि राजस्थान सरकार स्वायत्त शासन विभाग जयपुर की ओर से जारी आदेश जारी किया गया था, जिसमें वार्डो के परिसीमन के प्रस्ताव तैयार करने एवं प्रकाशन के लिए अन्तिम तिथि 01 से 27 मार्च 2025 तय की गई थी, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा यह प्रकाशित 2 अप्रैल को की गई ।

## अखण्ड़ ज्योति का विधिवत समापन

**अजमेर ।** श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ पर चल रहे चैत्र नवरात्र मेला महोत्सव के समापन समारोह में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा देश-प्रदेश के श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला नवमी रात्री से ही हो गया। बाबा भैरव व माँ कालिका के जयघोष के साथ मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज द्वारा मनोकामना पूर्ण स्तम्भ की पूजा-अर्चना कर बाबा भैरव व माँ कालिका की आरती की गई। धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा 10 दिनो तक विशेष पुलिस बल तैनात किया गया, चिकित्सा विभाग द्वारा मेडिकल की टीम लगाकर व्यवस्था की गई। मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज द्वारा चैत्र नवरात्रा मेला महोत्सव दस दिनो तक चली अखण्ड़ ज्योति का प्रातःकाल विधिवत समापन किया गया। समापन के पश्चात धाम पर आये हुए सभी श्रद्धालुओ को बाबा भैरव ने अपने कर कमलो से सभी को दषम तक चली अखण्ड ज्योति की विशेष रामबाण ओषधी रूपी चिमटी (भभूत) का वितरण किया गया। धाम पर यह अखण्ड़ ज्योति निरन्तर 24 घण्टे चलती रही जो कि लगातार 9 दिनो तक प्रज्जवलित रही। इस अखण्ड़ ज्योति की विशेषता यह है कि जिस पात्र में इसको प्रज्जवलित किया जाता है।

## सार-समाचार

### प्रभात फेरियों का समागम



कार्यक्रम के दौरान चारभुजा नाथ की शोभा यात्रा निकाली गई।

**शाहपुरा ।** निकटवर्ती निंबाहेडा कस्बे में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। निंबाहेडा में विभिन्न गांव से 51 गांवों की हरि बोल प्रभात फेरियों को आमंत्रित कर और भव्य शोभायात्रा का आयोजन हुआ। हरिबोल प्रभात फेरी आयोजन समिति के सोहनलाल कुमावत बताया की हरिबोल प्रभात फेरी के आयोजन से वातावरण से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। परिवार समाज व देश की खुशहाली की कामना की पूरे गांव में सभी प्रभात फेरी में बाजे ढोलक मंजीरे एवं वाद्य यंत्रों के साथ भजन गाते हुए नजर आए जिसमें श्रद्धालु रामधुनी गाते हुए, कीर्तन करते हुए नाचते हुए चल रहे थे। ठाामीणों की आस्था और सेवा-भाव से हरि बोल प्रभात फेरियां क्षेत्र में धर्म प्रचार और सांस्कृतिक उत्थान का माध्यम बन गई हैं। जिसमें प्रभात फेरियों के गांव में जगह-जगह स्वागत किया। प्रभात फेरी के दौरान चारभुजा भगवान का झुलस निकाला गया।फेरियों का समापन के बाद प्रसाद वितरण किया। जिसमें बड़ी संख्या में ठाामीण प्रभात फेरी शोभायात्रा में ठाामीण उपस्थित रहे।

### चिकित्सा शिविरों का आयोजन

**ब्यावर** (निसं) विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सोमवार को तालुका विधिक सेवा समिति ब्यावर द्वारा ब्यावर तालुका क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में चिकित्सा शिविर का आयोजन करवाया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष टीम गठित कर राज.सनातन धर्म उ.मा.वि., जैन गुरूकुल, अशोक नगर, फतेहपुरिया दोयम, छावनी गर्ल्स, पटेल स्कूल व ब्लॉक स्तर पर मसूदा, रायपुर, बदनौर, जवाजा, जैतारण में संचालित विद्यालयों में विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच करवायी गई। चिकित्सा टीम द्वारा शिविर में विद्यार्थियों की हाइट, वेट, आंख, कान, दांत आदि की जांच की गई। निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई। अधिकार मित्रों द्वारा विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योगा व व्यायाम से स्वयं की देखभाल करने के गुर सिखाएं। विद्यार्थियों को दैनिक दिनचर्या, खान-पान, मानसिक तनाव, गर्मी से बचाव, बीमार होने पर उचित उपचार लेने तथा स्वास्थ्य का अधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### जन सेवा शिविर बुधवार को

**अजमेर,** (कासं)। आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को अवकाश होने के कारण बुधवार 9 अप्रैल को समस्त ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ज्योति ककवानी ने बताया कि उपखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई को अटल जन सेवा शिविर में समायोजित किया गया है। ये शिविर प्रातः 10 बजे से जन सुनवाई पूरी होने तक आयोजित होंगे। इनमें समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इनके लिए सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपखण्ड पुष्कर एवं रूपनगढ़ के शिविर उपखण्ड मुख्यालय पर तथा उपखण्ड अजमेर, नसीराबाद, किशनगढ़, पीसांगन, अरांई, केकड़ी, सावर, भिनाय एवं सरवाड़ के शिविर पंचायत समिति मुख्यालय पर आयोजित होंगे।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**अजमेर ।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राजकीय विधि महाविद्यालय, कायड़ चौराहा के समीप स्थित घुमंतू एवं सपेरों की कच्ची बस्ती में एक चिकित्सा परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एलोपैथिक चिकित्सक डॉ. अंकित यादव, होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. प्रदीप माथुर, मेल नर्स जगदीश कच्छावा, फीमेल नर्स दीपिका रावत और सपोर्टिंग स्टाफ सदस्य सूरज ने बस्ती के निवासियों की स्वास्थ्य जांच की। शिविर के दौरान रक्त परीक्षण, रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि का परीक्षण किया गया और रोगियों को निशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रिया भार्गव ने बस्ती की महिलाओं को सेनेटरी पैड और साबुन वितरित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत ऐसे शिविरों का आयोजन विभिन्न कच्ची बस्तियों में करता रहेगा। उन्होंने महिलाओं को स्वच्छता और स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया और स्वच्छता को स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. राजू शर्मा ने इस वर्ष के विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि इस थीम के तहत मातृ एवं नवजात शिशु के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो तथा मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। शिविर को बस्ती निवासियों ने अत्यधिक सराहा और स्वास्थ्य केंद्र के प्रयासों को सामाजिक कल्याण के प्रति एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## कार्यभार ग्रहण

**मेड़ता सिटी ।** मेड़ता नगरपालिका की 27 दिनों तक कुर्सी खाली मामले को लेकर सोमवार को डीएलबी के आदेशों के बाद 27 दिनों बाद मेड़ता नगरपालिक के अध्यक्ष पद पर पवन परताणी ने कार्यभार ठाहण किया । मेड़ता शहर को प्रथम नागरिक, 11 मार्च को पूर्व पालिकाध्यक गौतम टाक की बर्खास्तगी के बाद 27 दिनों के पश्चात मेड़ता को नया अध्यक्ष मिला।

पूर्व में भी परतानी ने अध्यक्ष पद ठाहण किया था उसके पश्चात टाक को कोर्ट स्टे मिल गया उसके बाद डीएलबी ने एक आदेश निकाल कर 6 साल के लिए बर्खास्त कर दिया । उसके बाद डीएलबी ने नए आदेश के पश्चात परतानी को अध्यक्ष पद पर पदभार मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू व पालिका अधिशाषी अधिकारी प्रकाश डूडी व भाजपा कार्यकर्ता ने पदभार ठाहण करवाया ।

## महासती प्राची म.सा. का मंगल प्रवेश आज

**आसींद ।** विश्व नवकार दिवस पर आसींद में इन्द्र मल भंवरी देवी प्रवचन हाल में जैन संघ द्वारा सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप महासती प्राची म.सा.आदि ठाणा 4 के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। महासती प्राची म.सा. मंगलवार को प्रातः पुरानी परासोली से विहार कर आसींद में मंगल प्रवेश करेंगे। श्रावक सुरेंद्र संचेती ने बताया कि नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप को लेकर संघ के सभी श्रावक-श्राविकाओ में अपार उत्साह दिखाई दे रहा है। 9 अप्रैल को पूरे विश्व में एक ही समय पर नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया जायेगा जो एक कीर्तिमान स्थापित करेगा। ज्ञात रहे कि आसींद में पिछले 4 वर्षों से लगातार हर रविवार

■ विश्व नवकार दिवस पर नवकार महामंत्र का होगा आयोजन

को नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया जा रहा है जो सभी के लिए अनुकरणीय है। 10 अप्रैल को सकल जैन समाज द्वारा महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। प्रवचन हाल से प्रातः 8 बजे शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो कस्बे के प्रमुख मार्गो से गुजरती हुई श्रीमाल वाटिका में धर्मसभा में परिवर्तित हो जायेगी।प्रवचन हाल में विराजित महासती प्राची म.सा. की सुशिष्या साध्वी देवांशी म.सा. ने धर्म सभा में कहा कि व्यक्ति के जीवन में चिंता ही चिंता है इसको बदलकर चिंतन करने की जरूरत है। नकारात्मक विचारों को त्याग कर सकारात्मक सोच रखी जावे तो चिंता कम हो जायेगी। हमेशा धर्म के मार्ग पर बढ़ने का चिंतन करे। साध्वी द्वारा भगवान महावीर की गाथा का मधुर वाणी के साथ वाचन किया जा रहा है, जिसमें भगवान महावीर के 27 भव पर प्रकाश डाला जा रहा है। भगवान महावीर किस तरह तीर्थंकर बने यह इन 27 भव में बताया गया है उनके ऊपर कितने कष्ट आए उसके बावजूद वो धर्म के प्रति अडिग रहे। हर जीव में जिस दिन हमको परमात्मा नजर आयेगे उस दिन हम महावीर बन जायेगे। जीवन में समभाव और नम्रता लानी है।

## प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**मकराना** (निस) विकास अधिकारी, पंचायत समिति मकराना के आदेशानुसार स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षण पंचायत समिति क्षेत्र के समस्त ग्राम विकास अधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रखा गया। प्रशिक्षण की शुरूआत में भंवरलाल विश्नोई - सहायक विकास अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पंचायत दिवस 24 अप्रेल 2020 के अवसर पर सरकार द्वारा स्वामित्व योजना आरम्भ की गई। सरकार द्वारा ठाामीण अर्थ व्यवस्था और समाज पर दूरगामी प्रभाव को देखते हुए इस योजना का क्रियान्वयन पंचायतीराज विभाग व राजस्व विभाग के संयुक्त प्रयासो से किया जा रहा है।

दक्ष प्रशिक्षक नन्दकिशोर कुमावत-सहायक विकास अधिकारी, पंचायत समिति मकराना ने बताया कि सरकार द्वारा ठाामीण अर्थ व्यवस्था और समाज पर दूरगामी प्रभाव को देखते हुए इस योजना का क्रियान्वयन पंचायतीराज विभाग व राजस्व विभाग के संयुक्त प्रयासो से किया जा रहा है। डिजिटल इंडिया को बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने ठाामीण स्वामित्व योजना की शुरुआत की है । इस योजना के तहत लाभार्थी ठाामीणों को पट्टा/विक्रय विलेख एवं रजिस्ट्री भौतिक रूप से देने के साथ-साथ दस्तावेजों की पीडीएफ फाईल बनाकर लाभार्थी के मोबाईल नंबर पर भी प्रेषित की जावेगी। ठाामीण आबादी भूमि का रिकार्ड ओनलाईन होगा। इस योजना के तहत, आवेदकों को गांवों के घरों में बैंक ऋण जल्दी मिल जाएगा। यह योजना ठाामीण लोगों को बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता करेगी। स्वामित्व योजना के अंतर्गत आने वाले सभी ठाामीण समाज के काम ऑनलाइन हो जाएंगे। ऑनलाइन होने की वजह से भूमाफिया और फर्जीवाड़ा और भूमि की लूट सभी कुछ पूर्ण रूप से बंद हो जाने की उम्मीद है। स्वामित्व योजना का उद्देश्य ठाामीण आबादी को उनके घरों पर ऋण उपलब्ध कराना है। सरकार गांवों में ड्रोन का उपयोग करके डिजिटल सर्वेक्षण किया जावेगा और पात्र लोगों को स्वामित्व प्रमाणपत्र प्रदान किया जावेगा। गांवों में विकास की गति को तेज देने के लिए दो वेब पोर्टल, ई-ठााम स्वराज और स्वामित्व योजना शुरू किया गया है। ठाामों में संपत्तियों की मैपिंग में स्वामित्व योजना ड्रोन का उपयोग से होगी। इससे संपत्ति पर विवादों को कम करने में मदद मिलेगी। पोर्टल ठाामीणों को बैंकों से ऋण लेने में आसान बनाने में मदद करेगा। इस स्कीम के तहत आवासीय संपत्ति के मालिकों को सरकार से आवासीय कार्ड मिलेंगे। स्वामित्व योजना में गांवों में भूमि के स्वामित्व का रिकॉर्ड तैयार होता है, जो कर संठाह, भवन निर्माण स्वीकृति, भूमि उपयोग किस्म परिवर्तन, भूमि नाम हस्तान्तरण में सहयोग करेगा। स्वामित्व योजना के अंतर्गत संबंध संपत्ति नामांकन के प्रोसेस को सरल बनाना है। इस योजना के अंतर्गत ड्रोन के द्वारा भूमि का मैपिंग किया जाता है। भूमि के सत्यापन प्रक्रिया में तेजी और भूमि भ्रष्टाचार को रोकने में सहायता मिलेगी। स्वामित्व योजना के तहत गांवों के आबादी क्षेत्रों का डिजीटल मानचित्र तैयार किये।

## विधायक ने जनसुनवाई की

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। विधायक डॉ विकास चौधरी ने गांवो का दौरा कर जनसुनवाई की। अंराई उपखंड में कटसूरा, अरांई, भामोलाव, खेडा नोनन्दपुरा, भोगादीत, माला, कालानाडा, बोराडा सहित कई गांवो का सघन दौरा कर आमजन से जुडी समस्याओ के संदर्भ में अधिकारियो से बात तत्काल समाधान कराया। उन्होंने कहा मुलभुत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार चिन्हित कर सार्थक प्रयास किये जा रहे है, इसके परिणाम भी देखने को मिल रहे है। विधायक डॉ चौधरी ने कहा सड़क, पानी, बिजली, चिकित्सा सहित किसानो की समस्या को लेकर निरंतर विधानसभा में आवाज मुखर की गई। उन्होंने कहा शहरी क्षेत्र के साथ ठाामीण इलाकों में विकास कार्य कराने में कोई कसर नहीं छोडी जायेगी। विधायक ने विधानसभा क्षेत्र में अपनों को खोया उनके परिवारजनो से मिलकर दुःखद घड़ी में सांत्वना देकर सर्वेदना व्यक्त की। इस दौरान क्षेत्रीय सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## व्यावर में कलश यात्रा का भव्य स्वागत

**ब्यावर** (निसं) जीतो चैप्टर ब्यावर के तत्वावधान में सोमवार को नवकार कलश यात्रा अजमेरी गेट सुभाष चौक स्थित महावीर स्तम्भ से प्रातः 07.30 बजे प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होकर मेवाडी गेट स्थित आनन्द भवन पहुँची, जहाँ उसका समापन हुआ। रथ यात्रा का शहर में जगह जगह पर भव्य स्वागत किया गया। रथ यात्रा को ब्यावर चैप्टर के चेयरमेन रतन कोठारी, चीफ सेक्रेटरी सुभाष ओस्तवाल ने झण्डी दिखाकर रवाना किया।संस्था के चेयरमेन रतन कोठारी ने बताया कि 09 अप्रेल को जवाहर भवन में आयोजित होने वाले नवकार महामंत्र के जाप समारोह को सफल बनाने के उद्देश्य से रथ यात्रा का आयोजन किया गया है, उन्होनें सभी को उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।जीतो ब्यावर चैप्टर के मुख्य सेक्रेटरी सुभाष ओस्तवाल ने बताया कि कलश यात्रा को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह देखा गया, यात्रा में जीतो के सदस्यो के अतिरिक्त सकल जैन समाज के बडी संख्या में प्रबुद्ध लोग शामिल थे। रास्ते भर सभी ने जय महावीर के नारो के साथ नवकार मंत्र के जाप को गुजांयमान किया। ओस्तवाल के अनुसार 09 अप्रेल को जवाहर भवन में आयोजित महामंत्र का जाप प्रातः 07.00 बजे से आंरभ होगा। इसी दिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विज्ञान भवन, नई दिल्ली में नवकार मंत्र के जाप की शुभकामना संदेश आनलाइन जारी करेगे। कार्यकम में भाग लेने के लिए पंजीयन कराया जाना आवश्यक है। तथा शहर में व विभिन्न संस्थाओ में पंजीयन का कार्य जारी है। रथ यात्रा में नवकार महामंत्र की कनवीनर वीना नाहर के नेतृत्व में बडी संख्या में लेडीज मेम्बर्स ने भाग लिया व को-कनवीनर पीयूष रांका तथा लेडीज विंग की चेयर पर्सन रेणु छाजेड व यूथ विंग के चेयरमेन सिद्धार्थ श्रीश्रीमाल के सानिध्य में इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

## शिविर में 223 यूनीट रक्त एकत्रित

**गुलाबपुरा ।** हुरडा में विजन इंडिया वेलफेयर सोसाईटी द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में आयोजित रक्तदान शिविर में 223 यूनिट रक्त संठाहित हुआ । सोमवार को आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ सन्तो व मातृशक्ति की मौजूदगी में डॉ आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया गया। शिविर में समाजसेवी कैलाशचंद शर्मा ने 58 वीं बार रक्तदान कर रक्तदाताओ को प्रेरणा दी । शिविर में पूर्व मंत्री रामलाल जाट व पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा ने शिविर का अवलोकन कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर में एसएमएस जयपुर व शेखावाटी जयपुर हॉस्पिटल के चिकित्सा अधिकारियों व चिकित्सा टीम के सहयोग से रक्त संठाहित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामलाल जाट, पूर्व विधायक हगामीलाल मेवाड़ा, प्रधान कृष्णा सिंह राठौड़, पालिकाध्यक्ष सुमित काल्या, पूर्व पालिकाध्यक्ष चेतन पेशवानी, कांठोस के वरिष्ठ नेता महावीर लड्ढा, जितेंद्र नागर, क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष रामधन जाट, कांठोस नगर अध्यक्ष मधुसूदन, अशोक, विनोद पुरोहित, राईस मो कुरेशी व सलीम बाबू सहित कई मौजूद थे।

**NAME CHANGE**

I, Diya Singh Father's of Army No.18009581Y, NK, Amandeep, R/o Bhullan, Moonak, Sangrur, P.B. 148027 have change my name from Diya Ram to Diya Singh before court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I Army no 17035403X, NK, Subhadip Giri, Residing Vill & Po- Dakkhin Dauki, Teh- Contai, Dist-Purba Medinipur, West Bengal, 721464 have change my Father name from Uttam K R Giri to Uttam Kumar Giri Vide affidavit BX038528 dt 07/04/2025 before Court campus Nasirabad

**आम सूचना**

खसरा संख्या 350 एवं 445/350 ग्राम चुरली पटवार हलका पाटन तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की रजिस्ट्री सहित अन्य दस्तावेज दिनांक 10 मार्च 2025 को दोपहर में मालवीय नगर जयपुर में कहीं गिर गये। इसकी गुमशुदगी मालवीय नगर थाना जयपुर में दर्ज करा दी है। रजिस्ट्री के अलावा अन्य आवश्यक दस्तावेज मिलने पर इतला करावे।

प्रार्थी-रामअवतार पुत्र राधाकिशन इंद्रा कॉलोनी दूदू जयपुर (M)8905387700

## स्वास्थ्य कैंप का आयोजन

**बिजयनगर** (निसं)। राजकीय उपजिला चिकित्रालय बिजयनगर ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सोमवार को शहर के 3 स्थानीय विद्यालयों में चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया। चिकित्सा जांच शिविर में शनि महाराज मंदिर के पास स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, चौसला स्थित राजकीय बालिका विद्यालय, एवं संथाना बाजार स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लगभग 300 से ज्यादा विद्यार्थियों की आवश्यक चिकित्सा जाचे की गई।

जिनमें से 4 बच्चों को अस्पताल में जरूरी जांच एवं उपचार हेतु चिह्नित किया गया। प्राधिकरण के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति ( सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट ) बिजयनगर द्वारा चिकित्सा जांच स्थल पर उपस्थित होने व विधिक जागरूकता शिविर के लिए तालुका के अधिकार मित्र/ पैरा लीगल वालिंटियरर्स को नियुक्त किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अज़मेर के निर्देशों पर तालुका बिजयनगर के समन्वय से विभिन्न स्थानीय विद्यालयों में चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित किये गए स्वास्थ्य शिविर में तालुका बिजयनगर की ओर से तालुका सचिव करणी प्रताप सिंह एवं अधिकार मित्र प्रकाश प्रजापत उपस्थित रहे। तीनों संस्था प्रधानों ने जांच शिविर हेतु आभार जताया।

## निःशुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

### 'दिव्यांगों के अभिशाप को हम सब मिलके सुधारने की जरुरुत'

**बिजयनगर ।** भगवान श्री महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर शाखा अजमेर एव होटल एन.चंद्रा पैलेस बिजयनगर के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को एक दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह व समाज सेवी निहालचन्द सांड, बालमुकुंद कोगटा,विशिष्ट अतिथि भँवर लाल कठोरी अध्यक्ष जैन समाज, अमित मोदी अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बिजयनगर ,ज्ञान चन्द सांखला मंत्री जैन समाज मोजूद रहे । शिविर संयोजक भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आशीष सांड ने बताया कि समाज में दिव्यांगों को अभिशाप व सामाजिक कलंक माना जाता है जिसे हम सब को मिलकर सुधारने की आवश्यकता है। दिव्यांग जनों ने अपनी ताकत को साबित किया है और वे कई क्षेत्रो में ऊंचाइयों तक पहुंचे है ।निःशुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर में 20 व्हील चेयर व 10 दिव्यांग जनों को रोजगार के लिए ढाबे के समान निःशुल्क दिए गए। इस मौके पर भाजापा जिला कोषाध्यक आशीष सांड, भगवान श्री महावीर सेवा समिति अजमेर सचिव सुरेश मेहरा, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सतीश ओझा,युवा मोर्चा अध्यक्ष हितेश मेवाड़ा, युवा मोर्चा जिला आई टी संयोजक ज्ञानचंद प्रजापत,नगर पालिका पार्षद मनीष वैष्णव, पार्षद प्रतिनिधि लोकेश पीपाड़ा, रजत कुमावत,घनश्याम शर्मा,राधेश्याम त्रिपाठी, पूर्व जिला कार्यकारीणी सदस्य कैलाश जाट, मुकुन्द सिंह राठौड,रामलाल जागिड, युगल किशोर राव, मोनिका शर्मा,पीरू लाल ,नोरत साहू, फतेह लाल साहू सहित शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद थे ।

■ शिविर में 20 व्हील चेयर व 10 दिव्यांग जनों को रोजगार के लिए ढाबे के समान निःशुल्क दिए



दिव्यांगजन को निःशुल्क दिव्यांग उपकरण व्हीलचेयर प्रदान किए गये।

## कांग्रेस अधिवेशन में नसीम अख्तर भाग लेगी

**अजमेर,** (कासं)। अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी द्वारा अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में अजमेर से राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री एवं एआईसीसी सदस्य नसीब अख्तर इंसाफ भाग लेगी।

■ कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में स्वागत किया

एआईसीसी मेंबर इंसाफ का अजमेर शहर जिला कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय में स्वागत कर अधिवेशन के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कॉंठोस नेता हाजी इन्साफ अली, यूथ कॉंठोस जिला अध्यक्ष मोहित मल्होत्रा, पार्षद सुनील धानका, श्याम प्रजापति, मनीष सेठी, एल ललित जैन, पंकज बैरवा, राहुल जाजोट एवं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने माला और बुके भेटकर स्वागत किया।

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार, परबतसर, जिला डीडवाना-कुचामन**

क्रमांकः राजस्व/2025/5029 | **लोक सूचना** | दिनांकः 07/04/2025

अधोहस्ताक्षर की जानकारी में यह लाया गया है कि-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर |
|---|---|---|
| तहसील परबतसर जिला डीडवाना-कुचामन राज. | राजस्व ग्राम परबतसर पटवार हल्का-परबतसर | खसरा सं. 1145,1146,1147,1148,1151, 1193,1144,1143 |
| - | राजस्व ग्राम गिगोली पटवार हल्का-पीपलाद | खसरा सं. 101 व 102 |

में स्थित भूमि या उसके भाग में स्थित खातेदार प्रतापराम पुत्र श्री मोडूराम की वसीयत का नामान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। जिसमें सभी खातेदारों का जरिये नोटिस इतला किया गया।

उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना जो की प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के भीतर-भीतर कारण बतायें कि क्यों न उक्त भूमि पर वसीयत के आधार पर उनके वारिसानों का नातान्तरण भरा जावे।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन दिनांक 7.4.2025 को जारी की जाती है। नायब तहसीलदार परबतसर

**कार्यालय नगर निगम अजमेर**

क्रमांकः न.नि.अ./भवन/24-25/06 | **आपत्ति सूचना** | दिनांकः 04/04/2025

श्री चिराग मंशारामानी पुत्र श्री मुरलीधर मंशारामानी निवासी 6-ए विकास कॉलोनी फाईसागर रोड, अजमेर एवं सपना ईसरानी पुत्री श्री मनोहरदास ईसरानी निवासी 18ई/190 चौपासनी हाउसिंग बोर्ड जोधपुर द्वारा एक जो भूखण्ड संख्या 5-डी है विकास भवन निर्माण सहकारी समिति लि. फाईसागर रोड अजमेर के भूखण्ड संख्या 5 का भाग है, विकास कॉलोनी फाईसागर रोड अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 120.91 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व : पंजाब नेशनल बैंक | पश्चिम -रास्ता आम 25 फुट चौड़ा
उत्तर : प्राइवेट हाउस भूखण्ड संख्या 4 | दक्षिण - भूखण्ड संख्या 5-ए व 5-बी व 5-सी है

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/ संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

**कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाड़ा (राजस्थान)**

भीलवाडा रोड रोडवेज बस स्टैण्ड के पास

E-Mail ID-combebp@yahoo.in spbgulabpura@gmail.com Telephone No.01483-223079

क्रमांक न.पा.गु/कृषि-भूमि/2025/04-07 | **आपत्ति आमंत्रण सूचना** | दिनांक : 02.04.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि नियमन के तहत् पट्टे प्राप्त किए जाने के लिए निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए है जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम खास / संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में लिखित रूप से आपतिकर्ता मय अपने दस्तावेजो के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपति दर्ज करवा सकते हैं बाद मियाद आवेदक (अन्तिम क्रेता) के पक्ष में नियमन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र.सं | रजिस्टर क्रमांक | दिनांक | नाम आवेदक | खसरा नं. | भूखण्ड सं. | साईज | क्षेत्रफल | इकरारनामा वर्गगज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 188 | 7.3.25 | श्री आशीष दाधीच पुत्र श्री गोपाल लाल शर्मा गुलाबपुरा | 117/1 | 12 व 13 | 20×30+ 20×20 | जुमलानाप 111.11 | रजिस्ट्री |

अधिशाषी अधिकारी , नगरपालिका गुलाबपुरा